an>

Title: Need to set up an Agriculture University at Rajnagar in Madhubani District, Bihar and also accord the status of Central University to Rajendra Krishi Mahavidyalaya, Pusa, Bihar to a Central University.

श्री बीरेन्द्र कुमार चौधरी (झंझारपुर) : उपाध्यक्ष जी, 1996-98 में भारत सरकार के तत्कालीन कृषि मंत्री श्री चतुरानन मिश्र जी ने बिहार के राजगर, मधुबनी जिला में एक कृषि महाविद्यालय की स्थापना की घोषणा की थी और इसके लिए कुछ कार्य भी आरम्भ किया गया था किंतु पिछले करीब 18 वर्षों में इस ओर कोई प्रगति नहीं हुई और इसे वैसे ही छोड़ दिया गया। अगर एक कृषि महाविद्यालय वहां खोला जाता है तो इस बाढ़ग्रस्त और अति पिछड़े इलाके के लिए यह वरदान सिद्ध होगा। वहां के विद्यार्थियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। क्षेत्र के विकास में भी यह एक अहम योगदान दे सकेगा। अनंत खेती के लिए वहां के किसानों को प्रोत्साहन मिलेगा और पैदावार भी बढ़ेगी, जिससे गरीब किसान और खेतिहर मजदूरों को फायदा होगा क्योंकि इस क्षेत्र एवं पूरे बिहार में खेती के अलावा और कोई रोजगार के साधन नहीं रह गए हैं तथा खेती भी करीब छह माह पानी में ही डूबी रहती है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि राजगर में कृषि महाविद्यालय की स्थापना के लिए सभी आवश्यक कदम उठाकर जल्द से जल्द निर्माण कार्य आरंभ करवाए जाएं। इसी के साथ राजेन्द्र कृषि महाविद्यालय, पूसा, बिहार को केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय बनवाने का कार्य भी पूरा कराया जाए।

माननीय उपाध्यक्ष : श्री कपिल मोरेश्वर पाटील - उपस्थित नहीं।

श्री विक्रम उसेंडी।